दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः-78
मुरादाबाद
08 July 2024
(Monday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने रथ यात्रा के अवसर पर दीं शुभकामनाएं; ममता भी करेंगी शिरकत



राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुरूआत पर देशवासियों को बधाई दी। वहीं पश्चिम बंगाल सीएम ने सभी को बधाई दीभगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा रविवार को शुरू हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ने देशवासियों को रथ यात्रा शुरूआत की शुभकामनाएं दी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस्कॉन द्वारा आयोजित रथ यात्रा में भाग लेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। आज देश-दुनिया के अनगिनत जगन्नाथ प्रेमी रथ पर विराजमान तीनों भगवत्स्वरूपों के दर्शन हेतु उत्साह-पूर्वक प्रतीक्षा कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''इस महापर्व के अवसर पर महाप्रभु श्री जगन्नाथ से मैं सभी के सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हूं। जय जगन्नाथ।'' राष्ट्रपति मुर्मू इस समय ओडिशा में हैं। वह रविवार दोपहर पुरी में रथ यात्रा में शामिल होंगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर सभी को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुरूआत पर बधाई दी।

उन्होंने लिखा कि पवित्र रथ यात्रा की शुरुआत पर बधाई। हम महाप्रभु जगन्नाथ को नमन करते हैं और प्रार्थना करते हैं कि उनका आशीर्वाद हम पर हमेशा बना रहे। रथ यात्रा भगवान जगन्नाथ से जुड़ा एक त्योहार है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को रथ यात्रा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कामना की कि भगवान जगन्नाथ उनके लिए शांति, सौहार्द और समृद्धि लेकर आएं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि 卐आज रथ यात्रा के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान जगन्नाथ की कृपा से यह दिन सभी के लिए शांति, सौहार्द और समृद्धि लेकर आए।

उन्होंने लिखा, आज बंगाल भर में लाखों लोग रथ उत्सव में शामिल होंगे। ऐतिहासिक महेश जहां हमने विरासत मंदिर का जीर्णोद्धार किया है उसमें एक विशाल जनसमूह होगा। मैं इस्कॉन कोलकाता में भगवान की यात्रा में शामिल होने जाऊंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के लोगों को अगले साल से पूर्वी मेदिनीपुर जिले के दीघा में बन रहे जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा शुरू करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा, 卐हम सभी दीघा के अपने नए जगन्नाथ धाम में अगले साल की रथ यात्रा का इंतजार करेंगे। जय जगन्नाथ

दरअसल, पश्चिम बंगाल सरकार तटीय शहर दीघा में जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कर रही है। पश्चिम बंगाल हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा शुरू की गई परियोजना पर राज्य ने 140 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि अगले साल से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा दीघा में निकाली जाएगी।

### संक्षिप्त समाचार

#### एलएलबी के छात्र की गोली मारकर हत्या, भूमि विवाद में दिया वारदात को अंजाम, आरोपी गिरफ्तार

इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्र इंद्रजीत पटेल की रविवार को सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को सोरांव थाना क्षेत्र के अब्दालपुर गांव में अंजाम दिया गया। घटना के पीछे भूमि विवाद की बात सामने आरही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सोरांव थाना क्षेत्र के अब्दालपुर खास के अचकवापुर गांव में एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्र इंद्रजीत पटेल (25) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह पढ़ाई के साथ ही हाईकोर्ट में प्रैक्टिस भी करता था।गांव के ही रहने वाले सर्वेश नाम के युवक ने वारदात को अंजाम दिया है। हत्या के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस ने आरोपी सर्वेश को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात रविवार सुबह करीब सात बजे की है। पुलिस को सूचना मिली कि सोरांव थाना क्षेत्र के अब्दालपुर खास के अचकवापुर गांव में इंद्रजीत पटेल को गोली मार दी गई है। आनन फानन में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इंद्रजीत को मृत घोषित कर दिया।काफी दिनों से चल रहा था विवाद- पुलिस जांच में सामने आया कि वर्ष 2010 में गांव के ही खेत का आरोपी सर्वेश के परिजन और इंद्रजीत के परिजनों के बीच विवाद चल रहा था। पिछले 14 वर्षों से खेत की जमीन को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। इंद्रजीत एलएलबी अंतिम वर्ष का छात्र था। वह महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज सहसों में पढ़ता था।

## ऑस्ट्रिया के पहले दौरे को लेकर पीएम मोदी बोले- सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर चर्चा के लिए उत्सुक

चांसलर नेहमर ने लिखा  यह यात्रा एक विशेष सम्मान है, क्योंकि 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ऑस्ट्रिया यात्रा है और भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के अवसर पर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही ऑस्ट्रिया के दौरे पर जाने वाले हैं। यह बीते 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला ऑस्ट्रिया दौरा है। दौरे से पहले पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि दोनों देशों में लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून का शासन के साझा मूल्य वे आधार हैं, जिस पर दोनों देश करीबी साझेदारी का निर्माण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने यह टिप्पणी ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के उस सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में आई है, जिसमें नेहमर ने पीएम मोदी के स्वागत के लिए उत्सुक होने की बात कही थी। पीएम मोदी के स्वागत के लिए उत्सुक- ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर ने एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा मैं अगले सप्ताह वियना में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। यह यात्रा एक विशेष सम्मान है, क्योंकि 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ऑस्ट्रिया यात्रा है और भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के अवसर पर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ऑस्ट्रियाई चांसलर ने कहा, हमारे पास अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने और कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर सहयोग के बारे में बात करने का अवसर होगा। पीएम मोदी ने लिखा- सहयोग के नए रास्ते तलाशेंगे- कार्ल नेहमर को जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा, धन्यवाद, चांसलर कार्ल नेहमर। इस ऐतिहासिक अवसर पर ऑस्ट्रिया का दौरा करना वास्तव में सम्मान की बात है। मैं हमारे देशों के बीच के संबंधों को मजबूत करने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर हमारी चर्चा का इंतजार कर रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून का शासन के साझा मूल्य वह आधार हैं, जिस पर हम और भी करीबी साझेदारी का निर्माण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 8 और 9 जुलाई को मास्को की यात्रा करेंगे। उसके बाद 9 और 10 जुलाई को अपनी पहली यात्रा के लिए ऑस्ट्रिया जाएंगे।



### पीलीभीत में पानी छोड़े जाने से शारदा और देवहा नदियों में उफान, बाढ़ को लेकर अलर्ट जारी

पीलीभीत जिले में शनिवार से लगातार रुक रुककर बारिश हो रही है। रविवार सुबह भी बारिश का क्रम बना रहा। 24 घंटे में 30 मिमी बारिश हुई है, जिससे नदी-नाले उफना गए हैं। शारदा और देवहा नदियों में पानी छोड़ा गया है। प्रशासन ने बाढ़ को लेकर अलर्ट जारी किया है। पीलीभीत जिले में बीते तीन दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश से नदियां भी उफान पर बहने लगी हैं, जिससे कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। शारदा नदी में जलस्तर बढ़ने से ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांवों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। नेपाल के सीमावर्ती गांव बैल्हा में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। जिला प्रशासन ने बाढ़ और बारिश को देखते हुए अलर्ट जारी किया है।बारिश के बीच बाढ़ से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कई ग्रामीण गांव छोड़कर ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए हैं तो कई लोगों ने अपने मकानों की छतों पर घरेलू सामान रख लिया है। रविवार को शारदा नदी में 1.29 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। देवहा नदी में 2905 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया ने बारिश और बाढ़ के मद्देनजर अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि शारदा व देवहा नदी में जलस्तर बढ़ रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए लोग नदी किनारे न जाएं। नदियों के किनारे बसे लोग वहां से सुरक्षित स्थानों पर निकल जाएं। एडीएम ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों, ग्राम विकास अधिकारी व बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।  24 घंटे में 30 मिमी बारिश - तराई के जिले में शनिवार से लगातार रुक रुककर बारिश हो रही है। र

## हाथरस भगदड़ मामले में राहुल गांधी ने सीएम योगी को लिखी चिट्ठी, ये बड़ी मांग की

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले को यूपी के सीएम योगी को पत्र लिखा है। राहुल ने सीएम योगी से पीड़ित परिवारों की समस्याओं का जिक्र किया है। कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चिट्ठी लिखी है। राहुल गांधी ने पत्र के जरिए मुख्यमंत्री योगी को पीड़ित परिवारों की समस्याओं को बताया है। इसके साथ ही सांसद राहुल गांधी ने सीएम योगी से मांग की है कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजे की राशि दी जाए।कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चिट्ठी लिखी है। राहुल गांधी ने पत्र के जरिए मुख्यमंत्री योगी को पीड़ित परिवारों की समस्याओं का जिक्र किया है। इसके साथ ही सांसद राहुल गांधी ने सीएम योगी से मांग की है कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजे की राशि दी जाए।राहुल गांधी ने पत्र में लिखा कि इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों को हमारी सामूहिक संवेदना और मदद की जरूरत है। राहुल गांधी ने यह पत्र जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी पोस्ट किया है। राहुल गांधी ने भगदड़ में जान गंवाने वालों और घायलों को प्रदेश सरकार की ओर से मिले मुआवजे पर सवाल उठाया है। उन्होंने लिखा कि सरकार की ओर से घोषित मुआवजा काफी कम है। ऐसे में इसे बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था भी की जाए। पोस्ट में लिखा-हाथरस में भगदड़ हादसे से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर, उनका दुख महसूस कर और समस्याएं जान कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र के माध्यम से उनसे अवगत कराया है। मुख्यमंत्री योगी से मुआवजे की राशि को बढ़ाकर शोकाकुल परिवारों को जल्द से जल्द प्रदान करने का आग्रह किया गया है। इस दुख की घड़ी में उन्हें हमारी सामूहिक संवेदना और सहायता की आवश्यकता है।




## असली अपराधी अब भी पकड़ से दूर, आर्मस्ट्रांग की हत्या को लेकर स्टालिन सरकार पर बरसीं मायावती




बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी ने इस घटना को बहुत गंभीरता से लिया है और हम चुप नहीं बैठेंगे। हमारी राज्य इकाई चुप नहीं बैठेंगी और इस मामले को सीबीआई को सौंपने के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाएगी। तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि अब तक गिरफ्तार किए गए लोग असली अपराधी नहीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से पीड़िता को न्याय सुनिश्चित करने के लिए जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का आग्रह किया।बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने तमिलनाडु बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि दी। शहर के पेरंबूर में एक निजी स्कूल में 52 वर्षीय नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं- उन्होंने यह भी कहा कि देर शाम हमलावरों के एक समूह द्वारा जिस तरह से आर्मस्ट्रांग की हत्या की गई, उससे पता चलता है कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। सीएम स्टालिन को आर्मस्ट्रांग के लिए न्याय सुनिश्चित करना चाहिए और जांच को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, %असली दोषियों को पकड़ा नहीं गया है। जांच सीबीआई को सौंपी जाए। हमें उम्मीद नहीं है कि राज्य सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी। इसलिए इस मामले को तुरंत सीबीआई को सौंपा जाए।% कानून व्यवस्था को अपने हाथ में न लें- बसपा नेता ने कहा कि आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद पूरे राज्य के दलित डर में हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। पार्टी ने मामले को गंभीरता से लिया है, लेकिन पार्टी कार्यकर्ता कानून व्यवस्था को अपने हाथ में न लें। उन्होंने कहा, %मैं राज्य सरकार और विशेष रूप से सीएम से आग्रह करती हूं कि उन्हें राज्य में कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। विशेष रूप से कमजोर वर्गों को सुरक्षित महसूस करना चाहिए। अगर सरकार गंभीर होती तो असली आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार कर लिया गया होता। मगर अब ऐसा नहीं है तो हम राज्य सरकार से मामले को सीबीआई को सौंपने का आग्रह करते हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे- बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, %हमारी पार्टी ने इस घटना को बहुत गंभीरता से लिया है और हम चुप नहीं बैठेंगे। हमारी राज्य इकाई चुप नहीं बैठेंगी और इस मामले को सीबीआई को सौंपने के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाएगी। मैं भगवान से प्रार्थना करूंगी कि उनके परिवार और समर्थकों को यह दुख सहन करने की शक्ति दे। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पार्टी और कैडर को आगे आना चाहिए। मगर साथ ही, कानून की सीमा के भीतर रहना चाहिए और यह दिखाना चाहिए कि कमजोर वर्ग कानून अपने हाथ में नहीं लेता है।% बदले के लिए की गई है हत्या?- पुलिस को संदेह है कि पिछले साल गैंगस्टर अर्कोट सुरेश की हत्या से यह मामला जुड़ा हो सकता है। हो सकता है कि सुरेश की हत्या का बदला लेने के लिए आर्मस्ट्रांग की हत्या की गई हो। उत्तरी चेन्नई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) असरा गर्ग ने बताया कि हम पूछताछ कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि पूर्व में की गई हत्या के कारण यह हत्या की गई है। हमने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। हमने सात खून से सने हथियार, एक जोमैटो टी-शर्ट, एक जोमैटो बैग और तीन बाइक जब्त की हैं, जिनका अपराध करने में इस्तेमाल किया गया था। एसीपी गर्ग ने कहा, %चेन्नई पुलिस द्वारा गठित विशेष टीमों ने तीन और संदिग्धों को पकड़ा है। अब तक की जांच से पता चलता है कि अगस्त 2023 में आर्कोट सुरेश की एक गिरोह ने हत्या कर दी थी। सुरेश के परिवार और सहयोगियों का मानना है कि यह आर्मस्ट्रांग के निर्देश पर या उनके द्वारा रची साजिश के तहत किया गया

## संपादकीय Editorial

### Bihar of collapsing bridges

This can happen only in Bihar. In some other state, such an accident can be an exception. In Saran (Chapra) and Siwan of Bihar, five bridges have collapsed in 24 hours. Perhaps this is a world record of negligence, incompetence and corruption. In a fortnight, 12 bridges have collapsed and turned into rubble. This has happened only in Bihar. How many villages, towns and human population would have been connected through these bridges. All of them are hanging in the balance. Their movement and work have come to a halt. How much time does a bridge take to be built and how many crores of rupees are spent on it, when suddenly it crumbles and collapses, how many resources are wasted? There was a jungle raj in the past and now the drums of 'good governance' are being beaten, which is actually jungle raj. Now, when will these 12 bridges be built and how will financial resources be raised for them, this question is being raised because Bihar is surviving on the grant amount of more than Rs 52,000 crore from the Central Government in the current financial year. All the big leaders of the ruling and opposition, including Chief Minister Nitish Kumar, have been talking about giving 'special state status'. Recently, the National Executive meeting of the ruling Janata Dal-U was held in the capital Delhi. This proposal was also passed in that. Since JD-U is an important component in the Modi government. It is also a strong pillar of the stability of the government, but the government also has its own rules and regulations. In 2014, at the beginning of the Modi government, the then Finance Minister Arun Jaitley had given a statement that the era of giving 'special category status' to the states ended after the recommendations of the 14th Finance Commission. Financial help will continue under this category to the states of the North-East, Jammu and Kashmir (now a Union Territory), Himalayan states like Himachal and Uttarakhand. Now it is the era of the 16th Finance Commission. It is clear that it is not possible to give Bihar and Andhra Pradesh the status of 'special category state'. However, they can certainly be given 'special economic packages'. The 16 MPs of Andhra's ruling Telugu Desam Party are also the basis of the stability of the Modi government. Chief Minister Chandrababu Naidu met Prime Minister Modi yesterday and sought special economic assistance.

However, there should be extensive contemplation in the context of Bihar, because the amount allocated to it under the budget also remains 'unspent'. In fact, Bihar has lacked institutional capacity, infrastructure, market, entrepreneurial skills and suitable industrial environment, so the amounts remain 'unspent'. In the financial year 2023, Rs 51,722 crore of revenue expenditure and 24 percent of the capital budget, Rs 14,786 crore, could not be spent in Bihar. In the financial years 2020, 2021 and 2022, Rs 78,122 crore, Rs 75,926 crore and Rs 70,083 crore remained 'unspent' respectively. These are not ordinary and small amounts. If the amount is not spent during the budget period, it has to be sacrificed. This is also a kind of surrender. These amounts are more than the funds received after getting the status of 'Special Category State'. When the departments are unable to spend the amount of budgetary allocation, it clearly means that the debt burden on the state will increase. Bihar has basic problems, which are not only seen in the collapse of bridges, but schools-colleges, hospitals etc. are also in a dilapidated condition. Whatever government has built the bridges, their construction should be audited.

## Forgiveness: Forgiveness is not given, it has to be earned; the ultimate goal is to 'live in peace with your life'

Forgiveness is not given, it has to be earned. If someone has hurt you, there must be some basis to forgive them. Forgiveness is a process, not a goal. One day Gregory was playing when she felt a sharp pain in her knee. When she told her parents, instead of getting worried, they scolded her. Actually, both her parents were employed and both were very ambitious. Gregory was used to it. But her knee pain persisted.



She learned to live with the pain. Decades later, Gregory found out that a piece of bone was stuck in her knee joint, for which surgery was needed. She underwent surgery and is now healthy. But she wonders to what extent her parents' neglect affected her. Now Gregory is a doctor himself, wiser. She started wondering whether she should forgive her parents. Moral values ??say that it is better to forgive. She wondered what forgiveness really is. Scholars like Robert Enright say that forgiveness is to show goodness to those who have not done good to you. But Gregory raises the question whether this moral concept is true for every situation. Forgiving the person who has made a mistake strengthens qualities like compassion, generosity and love. But what about the one who has suffered a trauma? Frederick Luskin, director and researcher of the Stanford University Forgiveness Project, believes that the ultimate goal is to 'live in peace with your life'. Nobel Prize winner for peace Desmond Tutu once said, without forgiveness, without harmony, we have no future. So is the only purpose of forgiveness to avoid bitterness? Gregory will discuss this topic in her book You Don't Need to Forgive: Trauma Recovery on Your Own Terms, which will be published next year. According to her, forgiveness is an emotional process, not the ultimate goal. Gregory says that if you feel better, then forgive the person who hurt you or if you don't feel good, then don't forgive. Dr. Laskin says forgiveness has to be earned, it does not come instantly. People take time to recover from grief. Gregory has not forgiven his father. However, he believes that his mother did not raise him properly. She says, sometimes many kinds of emotional repairs have to be done before forgiveness can be achieved.

## Politics: Opposition is strong in Parliament, but there is no threat to the government; PM Modi should be prepared for new situations

Prime Minister Narendra Modi will stick to the promises he made in his speeches in Parliament. He does have a strong opposition in front of him, but they are not in a position to defeat the government. Therefore, many new situations will be seen in the House. The first regular working days of the Parliament session have confirmed my suspicions. Obviously, as far as Narendra Modi's government is concerned, nothing has changed inside the Parliament except a few scenes. It is clear that Modi has firmly decided that the claims and policies made before the elections will be carried forward. The irony is that this idea of ??Modi is being implemented in both the houses of Parliament. The tradition is that both the houses of Parliament run by consensus, not by the majority of the ruling party. I will try to explain this with a very small question. For example, ‘should we continue the proceedings of Parliament without lunch break?’ This should be decided by consensus and not by the permission of the presiding officer or majority of the House. Yet both the presiding officers rejected the proposal for discussion against the National Testing Agency (NTA). It is very sad that this is reminding us of the five years of the previous government. Prime Minister Modi's intentions - The first debate in both the houses of Parliament and the decisions taken outside the Parliament have made the government's intentions and direction clear that the country will run on the orders of just one person. Apart from two important components in the House (TDP and JDU), the work of other smaller parties is only to thump the table in the House. Modi will not give any chance to his ministers or opposition leaders of both the houses. All the mistakes of his government will be blamed on some other governments starting from Jawaharlal Nehru. BJP spokespersons will be very aggressive about trolls. There will be no ban on those investigation agencies which work at the behest of the government and their work will continue. Clearly, if BJP's 240 or NDA's 292 MPs together could not stop Modi in a Lok Sabha of 543 MPs, what about the rest of the MPs. Four days are too short to reach any conclusion, but these are early signs. BJP or NDA MPs in Maharashtra, Haryana and Jharkhand are very scared, as elections are going to be held in the states very soon and they fear the situation will worsen. The gradual fall of the current government in Maharashtra, a close contest between Congress and BJP in Haryana, besides the




Jharkhand High Court's decision to grant bail to Hemant Soren, have given a new lease of life to the indie alliance in these three states. NDA/BJP had to face defeat in Punjab, Rajasthan, Uttar Pradesh, West Bengal, Meghalaya, Manipur, Nagaland and Karnataka, but the happy thing is that elections are not going to be held here yet. NDA/BJP lost in Kerala and Tamil Nadu. NDA/BJP MPs from Delhi, Himachal Pradesh, Uttarakhand, Bihar, Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Assam, Odisha, Andhra Pradesh, Telangana and Gujarat had a big smile on their faces, but they are embarrassed by the ‘gathbandhan’ tag. They are also apprehensive about whether this alliance will last long or not? A mountain to climb – BJP knows very well that it has a big mountain to climb before it can claim to be an invincible party. Similarly, Congress too has a mountain to climb. I can tell you that Congress won most of its seats in 9 states, but in 9 states with 170 seats, Congress won only 4 seats, while it fielded its allies in 215 seats instead of contesting itself. Congress and Indi alliance form a strong opposition, but they are not in a position to defeat the government. The key to power lies in the hands of TDP (16) and JDU (12). Both parties will continue to demand special status while waiting for the budget, knowing that Modi is not going to give it. Both parties will also be waiting for the results of elections in Maharashtra, Haryana and Jharkhand. Policy predictions: What does the uncertain political situation have to do with economic policies? I can make some worrying predictions: The government will continue to be in denial mode. It will also continue to deny rising unemployment, rising prices of food items especially, and poverty and inequality among the lower strata. So there will be no radical change in existing economic policies. The government will continue to invest in infrastructure and vanity projects. Though government spending on infrastructure has economic benefits, private investment will not come and growth will remain moderate. It will be defended by fuzzy data. The government will continue to follow the South Korean model of chaebol-led growth. Monopolies and oligopolies will flourish in key sectors. As a result, small and medium industries will slow down. New job creation will remain sluggish. The most stressed will be the under-educated and unskilled youth who are produced in lakhs every year. A third term of government led by an aging leader will not attract the talent that can help bring about change in key areas such as education, health care, environment and climate change, agriculture and forestry, science and research and development. Narendra ModiHe believes in all the promises he has made in his speeches in the parliament. So be prepared for such situations.

# मंदिर पर लगाई गई सील सात घंटे में ही टूटी, आवास विकास अधिकारी बेखबर... होने लगी पूजा-पाठ

मुरादाबाद के बुद्धि विहार स्थित मंदिर को लेकर आवास विकास और स्थानीय लोगों के बीच टकराव जारी है। आवास विकास के अधिकारियों के मुताबिक उन्हें सीट टूटने की जानकारी नहीं हैं। इस बीच मंदिर में लोगों ने फिर से पूजा पाठ चालू कर दी है।मुरादाबाद में हाईकोर्ट के आदेश पर बुद्धि विहार स्थित प्राचीन नीलकंठ मंदिर पर आवास विकास परिषद द्वारा लगाई गई सील को लोगों ने सात घंटे में ही तोड़ दिया। आवास विकास के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार ने कहा कि उन्हें सील टूटने की जानकारी नहीं है।वहीं सील टूटने के बाद शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा की। सोमवार को हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होगी। पार्क बचाओ पर्यावरण बचाओ समिति के सदस्य नीरज कुमार त्यागी ने बुद्धि विहार सेक्टर-सात स्थित



पार्क में मंदिर निर्माण कराने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।हाईकोर्ट ने मंदिर को सील करने का आदेश दिया था। इसी आदेश के तहत आवास विकास परिषद ने शुक्रवार की दोपहर 12 बजे प्राचीन नीलकंठ मंदिर को सील कर दिया था। साथ ही दरवाजे पर दीवार पर नोटिस चस्पा कर दिया था। हालांकि, सात घंटे बाद ही शुक्रवार की शाम को अंधेरा होने पर कुछ लोगों ने मंदिर पर लगाई गई सील तोड़ दी थी। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंदिर में पूजा और आरती की थी। इसकी जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। शनिवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा की। आवास विकास के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार ने बताया कि मंदिर की सील टूटने की जानकारी नहीं है। वहीं अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी इस मुद्दे पर बोलने से इनकार कर दिया। इस मामले की हाईकोर्ट में आठ जुलाई को सुनवाई है। आवास विकास विभाग को कोर्ट में जवाब दाखिल करना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सील तोड़ने वालों का कोई नाम नहीं बताएगा। यह मामला धार्मिक आस्था से जुड़ा है। महिलाओं ने जताई नाराजगी- शनिवार को पूजा करने के लिए मंदिर में महिलाओं की काफी भीड़ जुटी रही। महिलाओं ने कहा कि पता नहीं किसे मंदिर से समस्या हो रही है। मंदिर से कोई रुकावट भी नहीं है। सावन आने वाला है। बुजुर्ग या बच्चे कहां जल चढ़ाने जाएंगे। बुद्धि विहार के किसी सेक्टर में दूर-दूर तक शिव मंदिर नहीं है। मंदिर पर मौजूद रामेश्वरी शर्मा, गीतांजलि पांडेय, ऋचा पांडेय, नीलम सिंह और डॉ. ऋतु यादव ने आवास विकास द्वारा की गई कार्रवाई पर नाराजगी जताई। मंदिर सील होने पर कुछ महिलाएं रोने भी लगी थीं। महिलाओं ने कहा कि मंदिर के खिलाफ कार्रवाई बर्दाश्त नहीं जाएगी। मंदिर सील करने के विरोध में शिवसेना का प्रदर्शन- शिवसेना उद्धव गुट के कार्यकर्ताओं ने बुद्धि विहार स्थित प्राचीन नीलकंठ मंदिर सील किए जाने के विरोध में शनिवार को जेल रोड से डीएम कार्यालय तक जुलूस निकाला। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना नहीं शुरू हुई तो शिवसैनिक आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेंगे। शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद मंदिर के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि हिंदुओं के लिए नीलकंठ मंदिर आस्था का सवाल है। भाजपा सरकार में मंदिर का सील होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस प्रकार की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कमल सिंह राव, विपिन भटनागर, इंद्रजीत सिंह, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, राजीव राठौर, अरुण ठाकुर, उमेश ठाकुर, राहुल, पंकज पाल आदि मौजूद रहे।

## रामपुर में गिरा जर्जर भवन... महिला की मौत, अमरोहा में एक परिवार के सात लोग दबे, दो की हालत नाजुक

मुरादाबाद मंडल में लगातार बारिश का कहर जारी है। रामपुर और अमरोहा में मकान गिरने की घटनाएं सामने आई है। मलबे में दबने से रामपुर में महिला की मौत हो गई। इसके अलावा कई वाहनों को नुकसान पहुंचा है। रामपुर के मिस्टन गंज चौराहे पर एक पुरानी बिल्डिंग शनिवार देर रात भर भराकर गिर गई। जिसमें एक महिला की दबकर मौत हो गई। हादसे के दौरान लोग इस बात से अनजान थे। जैसे ही मकान का मलबा हटा तो महिला के शव निकलने से क्षेत्र में दहशत है। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा मलबा हटाया, जबकि दो स्कूटी भी मलबे से बरामद हुई मिली।शनिवार रात जब भवन गिरा तो किसी को महिला के दबने को भनक तक नहीं लगी। लोग किसी के हताहत होने की बात कह रहे थे। मकान पूर्व विधायक अफरोज अली खान के बहनोई सौलत अली खान की प्रॉपर्टी बताई गई है। नगर पालिका कर्मचारी ट्रॉली और जेसीबी भेज कर मलबा उठाया। बिल्डिंग गिरने के बाद मलबे को हटाने के दौरान एक महिला की बॉडी मिली। जिसकी पहचान मंदिर वाली गली की सीमा रस्तोगी के रूप में हुई है। अभी महिला के शव की आधिकारिक पुष्टि प्रशासन ने नहीं की है। इसके अलावा दो क्षतिग्रस्त स्कुटी भी मलवे में मिली हैं। लोगों का कहना है कि घर गिरने के बाद देर तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में रोष है।

# मुरादाबाद हादसा: तीन दोस्तों ने एक साथ छोड़ी दुनिया... परिजन सोचते रहे गंगा स्नान को गए, एक कॉल से बदली दुनिया

मुरादाबाद के पाकबड़ा इलाके में बाइक सवार दोस्तों को वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें तीनों की मौत हो गई। इसकी जानकारी परिजनों को मिली तो उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। पाकबड़ा में देर रात हुए सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत ने सभी को झकझोर दिया। युवकों के परिजन यह सोचते रहे कि तीनों दोस्त गंगा स्नान करने बृजघाट गए हैं। शनिवार सुबह जब पुलिस से उन्हें तीनों की मौत की सूचना मिली तो कोहराम मच गया। इस हादसे में किसी परिवार का इकलौता चिराग बुझ गया तो कोई किसी ने अपना पालनहार खो दिया।हादसे में जान गंवाने वाला प्रियांशु पांच



बहनों का इकलौता भाई था। उसके पिता राजकुमार और मां की पांच साल पहले मौत हो गई थी। पांचों बहन शानू, रानू, रिंकी, पिंकी और विधि अपने इकलौते भाई प्रियांशु का बहुत ख्याल रखती थीं। प्रियांशु बिलासपुर में अपनी बहन विधि के घर रहकर फैक्टरी में काम करता था। दो दिन पहले ही वह बिलासपुर से दोस्तों से मिलने मुरादाबाद आया था।इकलौते भाई की मौत से पांचों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जान गंवाने वाले दूसरे युवक कुलदीप के पिता सुनील सैनी की बीमारी के चलते पांच साल पहले मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद कुलदीप के ऊपर ही मां चंद्रवती, छोटे भाई सनी और छोटी बहन ज्योति की जिम्मेदारी आ गई थी। कुलदीप अपने परिवार का पालनहार था। अब कुलदीप के परिवार के पास बेटे की यादें बची हैं। हादसे में जान गंवाने वाला तीसरा युवक प्रशांत फैक्टरी में काम करता था। उसके परिवार में दो भाई रवि शर्मा और स्वास्तिक शर्मा और एक बहन शिवानी शर्मा है। पिता राजेंद्र शर्मा फैक्टरी में मजदूरी करते हैं प्रशांत भी घर चलाने में अपने पिता का हाथ बंटाता था, जबकि मां नीता शर्मा की पहले ही मौत हो चुकी है। हादसे में मोबाइल भी हुए क्षतिग्रस्त-तीनों दोस्त रात में घूमने के लिए निकले थे लेकिन वह हाईवे पर हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में उनके मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिस कारण परिवार से कोई संपर्क नहीं हो पाया। शनिवार सुबह पुलिस ने मृतकों के जेबों की तलाशी ली तो आधार कार्ड मिल गए। जिससे मृतकों की पहचान के बाद उनके परिजनों को सूचना दी गई।

# दुस्साहसिक वारदात: खेत में घास काट रही महिला से दुष्कर्म की कोशिश, विरोध में पति पर कुल्हाड़ी से किए वार

रजबपुर में खेत में घास काट रही महिला से तीन युवकों ने दुष्कर्म की कोशिश कर डाली। इसका विरोध करने पर पति पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए टीम लगाई गई है। रजबपुर में खेत पर घास काट रही महिला के साथ गांव के तीन युवकों ने दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर पति पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।रजबपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में किसान का परिवार रहता है। शुक्रवार को किसान की पत्नी खेत पर घास काट रही थी। तभी आरोपी रिंकू अपने अन्य दो साथियों के साथ आ गया और छेड़खानी करने लगे। तीनों ने दुष्कर्म करने की कोशिश की।पीड़िता के पति ने विरोध किया तो आरोपियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना में किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर मचाने पर गांव का ही युवक मौके पर आ गया तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी रिंकू और उसके दो साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दुकान के बाहर कर रहा था गलत काम, आरोपी पकड़ा- अमरोहा में दुकान के बाहर से बाइक चोरी करके भागे आरोपी को दुकानदारों ने दूसरे दिन पकड़ लिया। बाद में आरोपी को पुलिस का हवाले कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अमरोहा नगर के मोहल्ला कोट में मंसूर खां का परिवार रहता है। वह गांधी मूर्ति चौराहे पर पंप मिस्त्री का काम करते हैं। बृहस्पतिवार की शाम 7 बजे दुकान के बाहर उनकी मोटरसाइकिल खड़ी थी, तभी एक व्यक्ति चोरी करके ले गया। इसके बाद अगले दिन शुक्रवार को आरोपी बाइक लेकर घूम रहा था, तभी पीड़ित मसूर खां अपनी बाइक को पहचान लिया। इसके बाद दुकानदारों ने आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम आदिल निवासी ओबरी थाना असमोली जनपद संभल बताया। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी आदिल के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। उसके कब्जे से बाइक भी बरामद कर ली गई है। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# पत्नी ने पकड़े थे पति के हाथ...प्रेमी ने रेता था गला, दोनों को आजीवन करावास, अवैध संबंध में ली थी जान

कटघर में 11 वर्ष पहले हुए फर्म कर्मी की हत्या में पत्नी और उसकी प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। दोनों ने अवैध संबंध में बाधक बनने पर इस वारदात का अंजाम दिया था। आरोपी 11 साल से जेल में बंद है। कटघर के 11 साल पुराने फर्म कर्मी इस्लाम हत्याकांड में शनिवार को अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। महिला ने अवैध संबंधों में बाधा बनने पर प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला रेतकर हत्या कर दी थी।अदालत ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। रहमत नगर निवासी उस्मान ने 14 जून 2013 को कटघर थाने में केस दर्ज कराया था। जिसमें उसने बताया था कि उसके भाई इस्लाम ने रूकय्या से प्रेम विवाह किया था।तब हमारा परिवार मझोला के मियां कालोनी में किराये पर रहता था। जहां राशिद और रूकय्या के बीच प्रेम संबंध हो गए थे। इस्लाम पीतल फर्म में नौकरी करता था। उसके काम पर जाने के बाद राशिद और रूकय्या चोरी छिपे मिलते थे। इस बात की जानकारी होने पर इस्लाम और उस्मान ने मियां कॉलोनी से किराये का मकान छोड़ दिया और रहमत नगर में रहने लगे थे। लेकिन रूकय्या ने राशिद से मिलना जुलना नहीं छोड़ा था। जिस कारण इस्लाम और रूकय्या के बीच झगड़ा होता रहता था। 13 जून 2013 की रात इस्लाम और उस्मान के पिता के सुलेमान घर की छत पर सो रहे थे। नीचे कमरे में भाई और भाभी सो रहे थे। सुबह करीब चार बजे इस्लाम के चीखने की आवाज आई। सुलेमान नीचे आए तो रूकय्या इस्लाम के हाथ पकड़े हुए थे जबकि राशिद चाकू ने गला रेत रहा था। सुलेमान के शोर मचाने पर राशिद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। परिवार के लोग इस्लाम को अस्पताल लेकर गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या आठ अरुण कुमार की अदालत में की गई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ब्रजराज सिंह और समर्थ शुक्ला ने बताया कि इस केस के वादी उस्मान और उसके पिता समेत अन्य गवाहों ने घटना की पुष्टि की। अदालत ने पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पत्नी रूकय्या और उसके प्रेमी राशिद को हत्या का दोषी पाते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दोषी करार दिए गए राशिद पर आयुध अधिनियम के अंतर्गत एक हजार रुपये का अलग से जुर्माना लगाया है।

# जिला अस्पताल में एक सप्ताह नहीं होंगे सीटी स्कैन, टॉमा सेंटर में आग लगने के बाद उपकरण खराब

मुरादाबाद जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने के बाद सीटी स्कैन बंद कर दिए गए हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि हादसे के बाद सभी चीजों को दुरुस्त करवाया जा रहा है। मशीन को देखने के लिए जल्द ही इंजीनियर आने वाला है। इसके बाद सभी चीजें सुचारु हो जाएंगी। मुरादाबाद जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने की वजह से सीटी स्कैन नहीं हो पा रहे हैं। मरीजों को अभी एक सप्ताह और परेशानी उठानी पड़ेगी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि बैटरी और यूपीएस की व्यवस्था होने के बाद सीटी स्कैन मशीन संचालित की जाएगी।वहीं ट्रॉमा सेंटर में इमरजेंसी द्वार भी बनवाया जाएगा, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों को परेशानी न हो। चार जुलाई को सुबह दस बजे ट्रॉमा सेंटर के सीटी स्कैन मशीन के सर्वर रूम में रखीं 32 बैटरियों में धमाका हुआ था। इसकी वजह से बिल्डिंग में आग लग गई थी।अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को आग बुझाने के लिए खिड़की-दरवाजे तोड़ने पड़े थे। हालांकि, ट्रॉमा सेंटर में भर्ती मरीजों को तुरंत निकाल लिया गया था। ट्रॉमा सेंटर में प्रतिदिन 10 से 12 मरीजों के सीटी स्कैन किए जाते हैं, लेकिन आग लगने के बाद तीन दिन से सीटी स्कैन बंद हैं। सीएमएस डॉ. संगीता गुप्ता ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर के खिड़की, दरवाजों को ठीक करवा दिया गया है। आग की वजह से बिल्डिंग काली हो गई है। इसलिए रंगाई-पुताई का काम हो रहा है। सीटी स्कैन मशीन की जांच के लिए अगले सप्ताह लखनऊ से इंजीनियर आएगा। इसलिए मशीन शुरू होने में एक सप्ताह का समय लग जाएगा। बिल्डिंग में एक इमरजेंसी द्वार भी बनवाया जाएगा। इसे एमआरआई कक्ष से जोड़ दिया जाएगा। अग्निशमन विभाग की एनओसी नहीं है।

# बेटी के प्रेम विवाह से नाराज परिजनों ने समधी को गोली से उड़ाया, हमलावरों ने ताबड़तोड़ 20 राउंड की फायरिंग

अमरोहा जिले में बेटी के प्रेम विवाह करने से नाराज परिजनों ने उसके ससुराल पहुंचकर जमकर फायरिंग की। इसमें युवक के पिता की गोली लगने से मौत हो गई जबकि एक अन्य जख्मी हो गया। पुलिस हमलावारों की तलाश कर रही हैं। बेटी के प्रेम विवाह से नाराज उसके परिजनों ने घर में घुस कर समधी की गोली मार कर हत्या कर दी। घर के बाहर घूम रहे एक ग्रामीण को भी गोली मार दी । उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।थाना क्षेत्र के गांव मलंगपुरा निवासी जोगेश ने बताया कि उसके चचेरे भाई अर्जुन ने दो माह पहले जनपद मुजफ्फरनगर के गांव सिहाली निवासी दिनेश चौहान की बेटी वंदना से प्रेम विवाह किया था। वंदना ने अपने परिजनों की मर्जी के बगैर कोर्ट मैरिज कर ली थी।जोगेश का आरोप है कि शादी के बाद ही वंदना के परिजन उसके चाचा बिजेंद्र सैनी व भाई अर्जुन को धमकी दे रहे थे। आरोप है कि शनिवार की रात करीब साढ़े सात बजे वंदना के पिता दिनेश चौहान कुछ लोगों को साथ लेकर कार से बिजेंद्र सैनी के घर पहुंचे। वो लोग वंदना को अपने साथ जबरन ले जाने लगे। विरोध करने पर उन्होंने बिजेंद्र सैनी को गोली मार दी और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। गोली चलने से मची अफरातफरी में वंदना पड़ोसी के घर में घुस गई। उसके परिजनों ने उसकी तलाश भी की। इस दौरान बिजेंद्र के घर के बाहर घूम रहे ग्रामीण छत्रपाल सैनी को भी आरोपियों ने गोली मार दी। ग्रामीणों के शोर मचाने पर हमलावर कार में सवार होकर भाग गए। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ श्वेताभ भास्कर फोर्स लेकर गांव पहुंच गए। घायल छत्रपाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सीओ ने बताया कि इस मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। खेत पर होने की वजह से अर्जुन की जान बच गई हमलावरों ने ग्रामीणों को आतंकित करने के लिए ताबड़तोड़ 20 राउंड फायरिंग की। सरकारी अस्पताल में मौजूद ग्रामीणों व परिजनों ने बताया कि हमलावरों की फायरिंग से गांव में दहशत फैल गई। किसी ग्रामीण की हिम्मत घटनास्थल की ओर जाने की नहीं हुई। वारदात के समय यदि अर्जुन खेत पर नहीं होता तो शायद वह जिंदा नहीं होता। सरकारी अस्पताल




में पति के शव से लिपट कर बिलखती हुई उनकी पत्नी जगवती उस घड़ी को कोस रही थी। जब उसके बेटे ने दूसरी बिरादरी की लड़की के साथ प्रेम विवाह किया था। उन्होंने बताया कि परिजनों ने दूसरी बिरादरी की लड़की के साथ विवाह करने से मना किया था। लेकिन बेटे की जिद के आगे वे भी मजबूर हो गए। अर्जुन की मां का कहना था कि हमलावर अपनी बेटी को जबरन अपने साथ ले जाने आए थे। उन्होंने आते ही सबसे पहले अर्जुन के बारे में मालूम किया था। लेकिन उसका बेटा वारदात के समय तक घर नहीं आया था। वरना वह पति के साथ बेटे से भी हाथ धो बैठती। वंदना ने भी भागकर अपनी जान बचाई- पिता व उनके साथ आए लोगों के तेवर देखकर वंदना पल भर में सब कुछ समझ गई थी। जैसे ही उसके पिता ने असलहे लेकर घर में प्रवेश किया। वंदना समझ गई कि कुछ अनहोनी होने वाली है। वह भागने का प्रयास करने लगी। इसी बीच पिता ने उसको साथ ले जाने का प्रयास किया। बिजेंद्र के विरोध करने पर उन्होंने उनके पेट में गोली मार दी। मौका मिलते ही वंदना भागकर एक पड़ोसी के घर में घुस गई। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन वह हाथ नहीं आई। प्रेम विवाह से नाराज वंदना के पिता दिनेश चौहान व कुछ अज्ञात लोगों ने फायरिंग की। गोली लगने से बिजेंद्र सैनी की मौत हो गई। एक अन्य ग्रामीण छत्रपाल भी गोली लगने से घायल हो गया। पुत्र अर्जुन की ओर से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। -श्वेताभ भास्कर सीओ धनौरा

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# कुदरगढ़ में मनाया गया भव्य वि.ख. स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े समेत कई बड़े नेता हुए शामिल

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी/सूरजपुर - विद्यालयों में नव प्रवेशी बच्चों के शत प्रतिशत दाखिला व भय मुक्त वातावरण में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. इसी कड़ी में गत दिवस जिले के वि.ख. ओड़गी अंतर्गत देवी धाम कुदरगढ़ में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन व क्षेत्र की विधायक



लक्ष्मी राजवाड़े , प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी व बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े का सानिध्य प्राप्त हुआ. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैकरा, ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी, भैयाथान मंडल अध्यक्ष मार्तण्ड साहू, बिहारपुर मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बैस सहित जिले व विकास खण्ड स्तर के जनप्रतिनिधि , पत्रकार बंधु उपस्थिति रहे. प्राशा कुदरगढ़ में किया गया वृक्षारोपणञ्कार्यक्रमानुसार सर्व प्रथम प्रा शा कुदरगढ़ में वृक्षारोपण के बाद कार्यक्रम स्थल पर आगमन हुआ जहां स्काउट गाइड्स व स्कूली बच्चों द्वारा गर्मजोशी से बैंड बाजा के साथ स्वागत हुआ, वहीं आरती चंदन लगाकर प्रवेश कराया गया, तथा मां सरस्वती व कुदरगढी माता के छायाचित्र पर पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन व अतिथि स्वागत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ.शिक्षा परिवार की ओर से मो. शाकिर अंसारी द्वारा विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया व मण्डल अध्यक्ष ओड़गी राजेश तिवारी द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया.कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत, व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, वहीं स्काउट गाइड्स के बच्चों को प्रमाण पत्र व सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा नवमी के बालिकाओं को निशुल्क सायकल का वितरण भी किया गया. अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को पुष्प हार एवं तिलक लगाते हुए मिष्ठान खिलाकर प्रतीकात्मक शाला प्रवेश कराया गया. मानसा अनुरूप योजना बनाकर विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं - लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को सर्वोपरि बताते हुए विभाग के विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने हेतु अपील की वहीं शासन स्तर से आवश्यक पहल कर विद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई, उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के मानसा अनुरूप योजना बनाकर विकास के लक्ष्य को प्राप्त कराने की बात कही तथा एक वृक्ष मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी पर जोर दिया. शिक्षा ग्रहण कर प्रशासनिक सेवा, डाक्टर इंजीनियर जैसे पद हेतु लक्ष्य करें निर्धारित- भैयालाल राजवाड़े अपने उद्बोधन में बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े ने नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उच्च शिक्षा ग्रहण कर प्रशासनिक सेवा, डाक्टर इंजीनियर जैसे पद हेतु लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही. गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैया कराने हेतु शिक्षक व पालकों से उचित सहयोग की अपेक्षा - भूलन सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मराबी ने शिक्षा पर विशेष जोर देकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैया कराने हेतु शिक्षक व पालकों से उचित सहयोग का अपील किया. कार्यक्रम के आयोजन में अधिकारियों का रहा विशेष योगदान- आयोजन में मुख्य रूप से राजीव कुमार सिंह विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ओड़गी, नृपेन्द्र सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओड़गी, नरेन्द्र दुबे विख स्त्रोत समन्वयक ओड़गी, राम प्रधान सहायक विख शिक्षा अधिकारी ओड़गी सहित विख के सभी 41 संकुल समन्वयक सक्रिय रहे. इस मौके पर कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, निजी सहायक ओमप्रकाश राजवाड़े, बलराम सोनी, अशोक सिंह, आशीष प्रताप सिंह, राजीव प्रताप सिंह, सत्यनारायण सिंह,संतोष सिंह, विनीता यादव, गौरी सिंह, नेहा तिवारी, नूतन विश्वास,सरिता गुप्ता, बेबी बंछोर, संधारी यादव,नीरज गुर्जर, पुनित पाठक, केशव सिंह, सत्यनारायण पैकरा, शिवकुमार राजवाड़े, बृजेश काशी, उमेश्वर गुर्जर, नधीर पैकरा, किरथ राजवाड़े,जगदेव यादव,अजेन्द्र गुर्जर, प्रियंशु यादव, समेत जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रधान पाठक, शिक्षक, अभिभावक, ग्रामीण, व काफी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे. मंच का संचालन सीएसी कुंजलाल यादव व राकेश गुर्जर ने किया.

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में ,छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय संवेदीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला प्रोग्राम डॉ. एच एन दुबे प्राचार्य शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर के मुख्य आतिथ्य में एवं महाविद्यालय के प्राचार्य जीतन राम पैकरा की अध्यक्षता में एवं




महाविद्यालय के आईक्यूएसी प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 महाविद्यालय प्रकोष्ठ के संयोजक धीरेंद्र कुमार जायसवाल के संचालन में संपन्न हुआ द्य यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ जिसमें प्रथम सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति में नियुक्त मास्टर ट्रेनर डॉ. विनोद कुमार साहू , आए हुए सभी अभिभावक गण छात्र-छात्राओं, शिक्षक गण , सभी कर्मचारी सभी का स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया द्य प्राचार्य के द्वारा प्रशिक्षण के बारीकी को समझने के लिए सभी से आग्रह किया गयाद्य मुख्य अतिथि डॉ. एच एन दुबे के द्वारा प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल एवं सुचारु क्रियान्वयन हेतु सभी पहलुओं को समझने के लिए महाविद्यालय परिवार अभिभावकगण सभी छात्र-छात्राओं को बहुत अच्छे ढंग से अपने उद्बोधन में उन्होंने प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी पहलुओं को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सफल एवं सुचारु क्रियान्वयन के लिए उसके बारे में विस्तार से बताया गया। प्रथम सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्यों जरूरी है इस के प्रावधानो, इसकी क्या विशेषताएं हैं और इसके लाभ पर चर्चा किया गया । दूसरे सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तकनीकी बारीकियों को बताया गया की तीन-चार वर्षीय पाठ्यक्रम में कैसे एंट्री लेना है और कैसे एग्जिट होना है । सत्र के अंत में महाविद्यालय के रेड क्रास यूनिट के संगठक धीरेंद्र कुमार जायसवाल सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के द्वारा पूरे सत्र का सार बताते हुए अपने उद्बोधन के साथ सभी के लिए धन्यवाद एवम् आभार ज्ञापित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक एनएसएस प्रभारी आभा रंजना कुजूर अन्य सभी अतिथि शिक्षक गण गैर शिक्षककीय कर्मचारी बहुत अधिक संख्या में अभिभावक गण छात्र-छात्राएं उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया

# सपा की बागी विधायक पूजा पाल के कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव, नवनिर्मित शिव मंदिर का किया लोकार्पण

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समाजवादी पार्टी की बागी विधायक पूजा पाल के द्वारा उमरपुर नींवा गांव में तैयार कराए गए नर्मदेश्वर शिव मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ने बतौर यजमान मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने इस मौके पर नर्मदेश्वर भगवान शिव से सभी के कल्याण की भी कामना की।प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य रविवार को सपा की बागी विधायक पूजा पाल के घर पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित नर्मदेश्वर शिव मंदिर का लोकार्पण किया। साथ ही बतौर यजमान मंदिर में मूर्ति की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न कराया। मीडिया से बातचीत के दौरान वह राजनैतिक सवालों से बचते रहे। उन्होंने कहा कि आगामी महाकुंभ पिछले कुंभ से ज्यादा भव्य और शानदार होगा। इसमें पूरे देश और दुनिया से करीब 50 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।




डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समाजवादी पार्टी की बागी विधायक पूजा पाल के द्वारा उमरपुर नींवा गांव में तैयार कराए गए नर्मदेश्वर शिव मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ने बतौर यजमान मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने इस मौके पर नर्मदेश्वर भगवान शिव से सभी के कल्याण की भी कामना की। राजनैतिक सवालों पर जवाब देने से बचे- हाथरस कांड को लेकर अखिलेश यादव द्वारा झूठी गिरफ्तारी दिखाए जाने और मामले को रफा-दफा करने के आरोपों पर डिप्टी सीएम ने केशव ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आए हैं, यहां राजनैतिक सवालों का कोई औचित्य नहीं है। केशव बोले मैं लंबे समय बाद धूमनगंज के उमरपुर नींवा गांव में आया हूं। यहां पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का लोकार्पण और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ है। महाकुंभ के कार्यों को लेकर स्थानीय पार्षदों की नाराजगी के सवाल पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि किसी की कोई नाराजगी नहीं है। लेकिन अगर कोई नाराजगी होगी तो बैठकर उसे दूर किया जाएगा। बता दें कि समाजवादी पार्टी की बागी विधायक पूजा पाल कौशाम्बी जिले की चायल विधानसभा सीट से 2022 में विधायक हैं, लेकिन राज्यसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी। जिसके बाद से वह लगातार भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। उमरपुर नींवा गांव में विधायक पूजा पाल ने मंदिर का निर्माण कराया है।

# साकार हरि के वकील का नया दावा: 15-16 लोगों ने भीड़ में खोल दिए थे जहरीली गैस से भरे डिब्बे, इससे दम घुटा

15-16 लोग जहरीली गैस के डिब्बे ले जा रहे थे, जिन्हें उन्होंने भीड़ में खोल दिया था। जिससे वहां भगदड़ मच गई। वकील एपी सिंह ने कहा कि मैंने मारे गए लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट देखी है और इससे पता चला है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई है, न कि किसी अन्य कारण से। हाथरस हादसे में मौत की वजह को लेकर साकार हरि के वकील एपी सिंह ने नया दावा पेश किया है। उन्होंने डिब्बों से





निकली जहरीली गैस को मौत की असली वजह बताया है। साकार हरि बाबा के वकील एपी सिंह ने रविवार को बताया कि हाथरस में सत्संग के बाद हादसा बाबा की बढ़ती लोकप्रियता के खिलाफ एक साजिश है। हादसे के गवाहों ने उनसे संपर्क किया। गवाहों को कहना है कि 15-16 लोग जहरीली गैस के डिब्बे ले जा रहे थे, जिन्हें उन्होंने भीड़ में खोल दिया था। जिससे वहां भगदड़ मच गई। वकील एपी सिंह ने कहा कि मैंने मारे गए लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट देखी है और इससे पता चला है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई है, न कि किसी अन्य कारण से। भगदड़ के पीछे साजिश का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जहरीली गैस को छोड़ने वालों को भागने में मदद करने के लिए घटनास्थल पर वाहन खड़े थे। हमारे पास सबूत हैं और हम इसे देंगे। वकील एपी सिंह ने कहा कि जो गवाह उनके पास पहुंचे हैं, उन्होंने नाम न छापने का अनुरोध किया है। हम उनके लिए सुरक्षा की मांग करेंगे। हाथरस में सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। भगदड़ के मामले में मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 6 जुलाई को, हाथरस पुलिस ने कहा कि वह एक राजनीतिक दल द्वारा संदिग्ध फंडिंग की भी जांच कर रही है। अधिकारियों ने कहा था कि मधुकर %सत्संग% के मुख्य आयोजक और धन जुटाने वाले थे। स्थानीय सिकंदराराऊ पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में साकार हरि का उल्लेख आरोपी के रूप में नहीं किया गया।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# पेड लगाओ पेड बचाओ प्रशासन की अनुठी पहल

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ । कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखने के उदेश्य से हाथीपावा वन रेंज झाबुआ में पौध रोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत् विभिन्न विभाग और संस्थाओं के माध्यम से 25000 पौधे लगाने का



लक्ष्य रखा है। गौरतलब है कि इस बार सिर्फ पौधे लगाने का ही लक्ष्य निर्धारित नही किया गया है और इसे जीवित कैसे रखा जाए इस पहलु पर भी निर्णय लिया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में पौध रोपण के समीप ही एक तालाब का निर्माण कर उसमें प्लास्टिक लाईनिंग की गई है। जिससे बारिश का पानी जो परकोलेशन के द्वारा जमीन के अंदर चला जाता है वह नही जाएगा जिसके द्वारा बारिश का पानी तालाब में वर्षभर एकत्रित रहेगा व गर्मी में यही पानी लगाये गये पौध रोपण को पानी देने में उपयोग में आएगा। तालाब के अंदर जो प्लास्टिक लाईनिंग लगाई गयी उसकी मोटाई 300 से 500 माईक्रोन की होकर कम से कम 3 वर्ष तक खराब नही होगी। अत: इस तालाब के द्वारा लगाये गये पौध जीवित रहेंगे। पौध रोपण पश्चात् लगाए गए पौधों की देखरेख वन विभाग करेगा।

# किशोरी से होटल में रेप, मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ के एक मोहल्ला की अनुसूचित जाति की किशोरी को आरोपी बहला-फुसलाकर होटल में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। गभाना के एक मोहल्ला के रहने वाले व्यक्ति ने मुकदमा पंजीकृत कराया है। इसमें बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी कक्षा आठवीं की छात्रा है। बेटी अपने ताऊ के यहां से काफी लेने के लिए जा रही थी। तभी रास्ते में रामपुर निवासी दुष्यंत मिल गया। आरोपित बेटी को फोटो दिखाते हुए बहला-फुसलाकर बाइक से होटल में ले गया और दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। करीब दो घंटे बाद आरोपित बेटी को कस्बा में एक मंदिर पर छोड़कर भाग गया। बेटी रोती-बिलखती हुई घर पहुंची और परिजनों को आप-बीती बताई। इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। किशोरी का डाक्टरी परीक्षण कराया गया है। आरोपित फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# महुआ मोइत्रा के खिलाफ दिल्ली में केस दर्ज, महिला आयोग प्रमुख पर टीएमसी सांसद ने की थी अभद्र टिप्पणी

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज किया है। दरअसल महुआ मोइत्रा ने राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। जिसे लेकर रेखा शर्मा ने दिल्ली पुलिस और लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा था।पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दरअसल महुआ मोइत्रा ने राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा को लेकर सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। जिसके खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख ने कड़ी आपत्ति जताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और दिल्ली पुलिस के कमिश्नर संजय अरोरा को पत्र लिखा था।इस पूरे विवाद का जन्म उस वक्त हुआ था, जब यूपी के हाथरस में हुए हादसे के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा वहां पीड़ितों से मिलने पहुंची थी। महुआ मोइत्रा ने एक्स पर डाले गए एक वीडियो पर टिप्पणी की थी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग प्रमुख हाथरस में भगदड़ मचने के बाद घटनास्थल पर आती हुई दिख रही थी। जिस पर टीएमसी सांसद ने लिखा था- वह अपने बॉस का पजामा पकड़ने में बहुत व्यस्त हैं। अपमानजनक टिप्पणी पर आयोग ने खुद लिया था संज्ञान- वहीं इस मामले में भाजपा ने टीएमसी सांसद की आलोचना की थी और उनकी पार्टी से उनको निष्कासित करने की मांग की थी। जबकि मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की तरफ से अपने अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी का संज्ञान लिया था और उनके खिलाफ स्न्नढ्ढक्र दर्ज करने की मांग की थी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था

# शामली नवीन मंडी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़े धूमधाम से निकली गई

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली - श्री हरि इच्छा तक निकली गई भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा नवीन आदर्श मंडी मैं बड़े धूमधाम से शामली जनपद के धर्म प्रेमियों द्वारा निकली गई जिसमें वृंदावन से राधे कृष्णा की प्रचार सेवा ट्रस्ट के संगठन के लोगों ने भगवान जगन्नाथ जी के एवं राधे कृष्णा जी के बहुत सुंदर-



सुंदर मधुर मधुर भजन गाए जिससे धर्म प्रेमी मंत्र मुक्त होकर नाचते हुए राधे-राधे कृष्ण कृष्ण के जय कारे लगाते रहे और सभी धर्म प्रेमियों ने मधुर भजनों पर नाचते हुए भगवान जगन्नाथ की चलती हुई रथ यात्रा की सेवा भाव धर्म भाव के साथ में सेवा करने का काम किया और शामली जनपद वासियों ने धर्म प्रेमियों के लिए प्रसाद एवं मीठे शरबत एवं ठंडे की व्यवस्था कर धर्म प्रेमियों को सभी को प्रसाद वितरण किया भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में हजारों महिलाओं पुरुषों और बच्चों ने रथ यात्रा की परिक्रमा में भारी संख्या में भाग लिया और श्री राधे कृष्ण के जय घोष किया भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव जीबीपीएस भक्ति वृद्ध शामली के सहयोग से किया गया और रथ यात्रा बड़े धूमधाम के साथ नवीन आदर्श गुड मंडी के अंदर ही परिक्रमाएं की और शांति सद्भाव प्रेमभाव धार्मिक भाव से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पूर्ण हुई भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में शामली जनपद के समाजसेवी ने भी शामिल होकर भगवान जगन्नाथ जी को नमन किया और भगवान जगन्नाथ जी के रथ यात्रा की साथ-साथ परिक्रमा की जिसमें काफी सामाजिक संगठन के लोगों ने भी शामिल होकर भगवान जगन्नाथ जी को नमन किया और राधे कृष्णा और बलराम सुभद्रा भगवान जगन्नाथ जी के जयकारा लगाएं

# स्काउट गाइड द्वारा वृक्षारोपण का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- रामानुजनगर स्काउट गाइड द्वारा 6 विद्यालयीन परिसरों में कुल 60 पौधरोपण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री ललित राम पटेल के निर्देशानुसार आज जिले के समस्त विकासखण्ड में बृहद वृक्षारोपण का आयोजन हुआ। जिला सचिव उमेश गुर्जर एवं जिला संघ की ओर से गोवर्धन सिंह, बलभद्र देवांगन, कन्हैया सोनी के निर्देशन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज के



मार्गदर्शन में रामानुजनगर स्काउट गाइड के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कन्या शा.उ.मा.वि. रामानुजनगर प्रांगण में एसएमडीसी अध्यक्ष श्रीमती बीना गुप्ता, संकुल प्राचार्य कामता प्रजापति, सरपंच प्रतिनिधि राम सिंह, विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में स्काउट गाइड द्वारा पौधरोपण का कार्य किया गया। तत्पश्चात शा.मा. शाला कौशलपुर में श्री जय प्रकाश उपाध्याय, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज साहू, संकुल समन्वयक विनय चौरसिया एवं विद्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति में फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला त्रिपुरेश्वरपुर में प्रधान पाठक श्रीमती मायावती कश्यप एवं एबीईओ मनोज साहू, शा. पूर्व माध्यमिक शाला सरईपारा में प्रधानपाठक आनंद साहू एवं संकुल समन्वयक जयप्रकाश बरेठा, शासकीय उ.मा.वि. पतरापाली में व्याख्याता हेमसाय, राजेश्वर सिंह, संतोष जायसवाल, संजय साहू, रेनू दुबे, रागिनी मरावी, संकुल समन्वयक जीडी सिंह, योगेश साहू एवं छात्र छात्राओ की



उपस्थित में वृक्षारोपण कर सभी शिक्षकों ने एक-एक पौधों को गोद लेकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। ब्लॉक सचिव बिजेंद्र साहू ने कहा कि वृक्ष ही हमारे जीवन के आधार हैं। वृक्ष वातावरण को शुद्ध रखते और आक्सीजन की आपूर्ति करते हैं। इसलिए सभी को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण को बचाया जा सका। अंत में वृक्षारोपण का कार्य शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दवना में ग्रामीण जनों की उपस्थिति में कराया गया। वृक्षारोपण को सफल बनाने में मुख्यत: स्काउट मास्टर नंद कुमार सिंह, आनंद साहू, जाकिर हुसैन, योगेश कुमार साहू गाइड कैप्टन गुड्डी राही, विजया सिंह एवं स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर शामिल थे। वृक्षारोपण में कुल 60 वृक्ष लगाए गए जिसमें कटहल, जामुन, गुलमोहर, काजू, नीम एवं करंज के पौधे शामिल हैं। उक्ताशय की जानकारी विकासखंड सचिव विजेंद्र साहू ने दिया।

# राप्ती नदी के बाढ़ से प्रभावित गावं के ग्रामीण दहशत में

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती तहसील जमुनहा के अंतर्गत मूसलाधार बारिश होने से राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ने के




कारण राप्ती नदी के तट पर बसे गाँव गंगा भागढ़ , बेलरी, गजोवरी, मोहन पुर भरथा, चमारन पुरवा, हशना पुर , बरंगा, सलारू पुरवा, बीरपुर लौकिहा, शिकारी, हरिहरपुर महाराज नगर, पिपरहवा, बरुहा, जोगिया, समशेर गढ़, धोबिहा, सुखराम पुरवा, लक्ष्मनपुर , पोंदिला, पोदली, मोगला ,भेलागांव, मुरचहवा, लाहौर आदि गाँव मे बाढ़ के घुसा है । इन गांवों के निवासी राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण सदमे में है । जिम्मेदार अधिकारी व जिला प्रशासन बाढ़ ग्रस्त गाँवो का भृमण करते हुए । ग्रामीणों को सलाह दिया है । कि सुरक्षित स्थान पर व बाढ़ राहत केंद्रों पर जा कर अपने को सुरक्षित कर ले तथा उपजिलाधिकारी जमुनहा संजय कुमार राय द्वारा निर्देशित किया गया है कि बनाई गई । बाढ़ चौकियों पर कर्मचारी उपस्थित रहे । और बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का जानकारी बराबर लेते रहे जिससे ऐथुचित स्थानो पर सम्भावित मदद पहुचाई जा सके । मल्हीपुर चौराहे से भिनगा जाने वाली मार्ग व वह मल्हीपुर से बहराइच जाने वाले मार्ग पर बैरी केटिंग कर आवागमन रोक दिया गया है क्योंकि सड़क पर 3 मीटर से अधिक पानी बह रहा है

# बर्बरता से की गई बाल्मीकि निहाल व काशी के साथ मारपीट, बाल्मीकियो ने शामली कोतवाली का किया घेराव

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली - निहाल, काशी वाल्मीकि दोनों लड़कों के साथ एक हफ्ता पूर्व काफी लड़कों ने मिलकर उसका अपहरण कर बड़ी बर्बरता से मारपीट की जिसमें उन्हें मृत छोड़कर भाग गए उक्त हमलावरों को



गिरफ्तार करने के लिए आज रॉयल वाल्मीकि आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल चावरिया नरेश पूर्व प्रधान अरविंद झंझोट अध्यक्ष राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच प्रदीप मायूस सुशील चावला सचिन कुमार मनीष पहीवाल धर्मेंद्र झंझोट प्रवीण कुमार गौरव वाल्मीकि आदि सैकड़ो की संख्या में शामली कोतवाली में पहुंचकर शामली कोतवाली का घेराव किया और शामली थाना कोतवाली प्रभारी से मिलकर उक्त प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई कराने एवं मारपीट करने वाले दोषी हमलावरो की मात्र एक की गिरफ्तारी हो पाई है जबकि मारपीट करने में एवं मुकदमे में लगभग 30 से 31 शामिल है जिनकी एक हफ्ते से अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई उन सभी हमलावरों की गिरफ्तारी कराने की मांग की जिसमें शामली कोतवाली थाना प्रभारी महोदय ने 2 दिन में दोषी हमला वरो की गिरफ्तारी कराने के लिए आश्वासन दिया शामली कोतवाली प्रदर्शन में वाल्मीकि समाज के गाजियाबाद हरिद्वार मेरठ दिल्ली पंजाब एवं शामली जनपद से भारी संख्या में लोगों ने शामिल होकर शामली कोतवाली का घेरा हुआ प्रदर्शन किया।

# दगाबाज प्रेमी: अश्लील वीडियो बनाकर प्रेमिका को किया ब्लैकमेल, आरोपी के ममेरे भाई और दोस्त ने भी लूटी आबरू

शाहजहांपुर जिले की रहने वाली युवती को उसका प्रेमी बरेली लेकर आया। यहां उसने होटल में प्रेमिका से शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि प्रेमी ने उसका वीडियो बना लिया। इसके बाद उसे ब्लैकमेल करने लगा। बरेली में एक युवक ने अपनी प्रेमिका के अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए। फिर इनके जरिये उसे ब्लैकमेल करने लगा। युवती का आरोप है कि प्रेमी, उसके ममेरे भाई और दोस्त ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसे ब्लैकमेल कर ढाई लाख रुपये भी ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ बारादरी थाने में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित युवक और आरोपी युवक शाहजहांपुर जिले के निवासी हैं। तिलहर निवासी युवती ने बताया कि शाहजहांपुर की तहसील कलान के गांव परौर निवासी पारस गुप्ता से उसका प्रेम प्रसंग था। पारस उसे फुसलाकर बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में ले गया था। वहां पारस ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान उसने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। आरोपी के ममेरे भाई और दोस्त ने भी किया दुष्कर्म - कुछ दिन बाद तिलहर क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी पारस के ममेरे भाई ने उसे अश्लील वीडियो भेजा। उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में पारस गुप्ता के गांव में रहने वाले उसके दोस्त बंटी मिश्रा ने भी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पारस ने वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपये मांगे। युवती ने बदनामी के डर से ढाई लाख रुपये पारस गुप्ता के बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए। पारस उसे बुलाकर गाली-गलौज करता था और जान से मारने की धमकी देता था। शाहजहांपुर पुलिस से भी युवती ने शिकायत की लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब बरेली के बारादरी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना, क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9277776991

## संक्षिप्त समाचार

# बाबा के राज में इन्साफ के लिए भटक रहीं हैं माँ बेटी

क्यूँ न लिखूँ सच

माँ बेटी से की मारपीट ,बेटी के कपड़े फाड़े और की अश्लीलता मुरादाबाद थाना क्षेत्र मुण्डापांडे पीडिता व उनकी जवान बेटी निवासी थाना मुण्डापांडे के साथ पानी की निकासी को लेकर आरोपी समीर, सईम,पुत्रगण हनीफ, और फरमान पुत्र अली हसन ने मारपीट की और दोनों महिलाओ के कपड़े फाड़ दिए और जवान बेटी को खिंचकर उसके साथ अश्लील हरकते की। पीड़िता को काफी चोटें भी आई है और पीड़िता के परिवार को लगातार मार देने की धमकी दे रहे हैं घटना पर माँ बेटी थाना में कार्यवाही के लिए गई तो उनको वहां से भागा दिया और पीड़िता के परिवार पर ही मुक़दमा दर्ज कर दिया, अब पीड़िता माँ बेटी इन्साफ के लिए छ्ठुत्र के कार्यालय में अपनी गुहार लगाने पहुची

# जनेह थाना प्रभारी के कार्यवाही में 2 किलो गांजा के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार।

क्यूँ न लिखूँ सच -आलोक मिश्रा

त्योंथर के अंतर्गत थाना जनेह/ रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के द्वारा चलाये गये नशे के विरूद्ध विशेष अभियान मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस ) त्योंथर उदित मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जनेह कन्हैया सिंह बघेल के नेतृत्व में थाना टीम द्वारा उत्तर प्रदेश से मध्यप्रदेश मे बिक्री करने आये आरोपी विनोद कुशवाहा पिता सिपाही लाल कुशवाहा उम्र 30 वर्ष निवासी बडहा थाना कौधियारा जिला प्रयागराज ( उ.प्र. ) को 2 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर अपराध क्र. 124/2024 धारा 8 ( ष्ट ) 20 ह्लक्र एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। थाने से मिली जानकारी दिनांक 05/07/2024 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति सफेद रंग की बोरी मे अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री के लिये ग्राम खभरा नई बस्ती से जा रहा है मुखबिर की सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत पंचनामा कार्यवाही की जाकर स्वतंत्र साक्षियो को साथ लेकर मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम खभरा नई बस्ती में उपरोक्त हुलिया के व्यक्ति को घेराबंदी कर पकडा गया जिसकी एनडीपीएस एक्ट एवं नये कानून के प्रावधानो के तहत आरोपी को उसके अधिकारों से अवगत कराकर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 कि. ग्रा. गांजा कीमत 24000 रुपये बरामद हुआ। जिसमे जनेह थाना प्रभारी उप निरी. कन्हैया सिंह बघेल, उप निरी. राहुल सोनकर,आर. 1152 अतुल सिंह, आर 1225 विभव शुक्ला आर.900 विपिन मिश्रा, 235 अमन सेन की सराहनीय भूमिका रही।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सीटैट की परीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच

नवाबगंज।नगर के बी0आर0जीनियस इण्टर नेशनल स्कूल में



रविवार को ऑब्ज़र्वर डॉक्टर राजीव वर्मा केन्द्र व्यावसथापक मासुमी शर्मा के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीटैट की परीक्षा प्रथम पाली सुबह साढ़े नौ बजे से बारह बजे तक हुई। केन्द्र पर कुल पंजीकृत पांच सौ चालीस में कुल चार सौ इक्तालीस परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी। परीक्षा में नासिर हुसैन, अरशद अंसारी,नवैश, मार्फ़त, नवनीत चन्द्रा, सानिया परबीन,स्वाती गंगवार, रश्मि, अनिकेत एस आई सन्तवीर सिंह गिल सहित तमाम फ़ोर्स मौजूद रहा।

# सांसद के कलेक्ट्रेट झाबुआ पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वागत किया

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेन्द्र राठौर

सांसद अनीता चौहान द्वारा आकाक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान की शपथ दिलाई गई झाबुआ । सांसद अनीता चौहान कलेक्ट्रेट झाबुआ पहुचने पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। जनपद परिसर में आकांक्षी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद अनिता नागरसिंह चौहान ने की। उन्होंने आकांक्षी विकासखण्ड के विभिन्न पैरामीटर की मूलभुत अवधारणाओं के बारे में उपस्थित ग्रामीणजनों को बताया। सांसद अनिता चौहान ने महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में तथा बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के संबंध में बताया गया। सभी ग्रामीणजनों द्वारा विकासखण्ड को उन्नत एवं प्रगतिशील बनाये जाने की शपथ ली गई।






KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

OWN STATE

www.knlslive.com

08 July 2024



# शाहजहांपुर में दर्दनाक हादसा: तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत, चोटी उतराते देख ग्रामीणों ने निकाले शव

तिलहर के गांव राजनपुर में दो सगी बहनों की तालाब में डूबकर मौत हो गई। दोनों अपने मामा के घर रहती थीं। परिजनों ने उनके शवों को पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।शाहजहांपुर के तिलहर इलाके में दर्दनाक हादसा हुआ है। क्षेत्र के गांव राजनपुर में शनिवार को 16 साल की आरती और उसकी 13 वर्षीय बहन ज्योति की तालाब में डूबने से मौत हो गई। एक किशोरी की चोटी तालाब में



उतारते हुए देखकर लोगों ने शवों को दोनों बाहर निकाला। मृतकों का परिवार नोएडा में रहता है। ये दोनों यहां अपने मामा के घर रहती थीं। परिजनों ने शवों को पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। गांव राजनपुर निवासी मदनापुर थाने में तैनात होमगार्ड विजय कुमार के पास लगभग पांच साल से सगी भांजी आरती और ज्योति रहती थीं। ज्योति कक्षा सात की छात्रा थी। शनिवार को दोपहर लगभग 1ः30 बजे बारिश के दौरान आरती और ज्योति घर के पालतू कुत्ते को गांव में टहलाने के लिए निकली थी। हैंडपंप से बंधा मिला पालतू कुत्ता - दो घंटे तक जब दोनों वापस घर नहीं आई, तब उनकी तलाश की गई। परिजन को गांव के पूर्व दिशा में सरकारी स्कूल के सामने स्थित तालाब के पास हैंडपंप से कुत्ता बंधा था। तालाब में ज्योति की चोटी ऊपर पानी में उतरा रही थी। इस पर ग्रामीण तालाब में घुस गए और दोनों के शवों को बाहर निकाला। बताते हैं कि पहले आरती तालाब में नहाने के लिए गई थी। गहरे पानी में वह डूबने लगी तो उसे बचाने के लिए ज्योति पीछे से दौड़ी। वह भी तालाब में डूब गई। परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया। रविवार की सुबह मृतकों का इकलौता भाई दस वर्षीय दीपक, उसके चाचा रोहित और मोहित, बड़ी बहन पूजा और पिता आछू भी नोएडा से गांव पहुंच गए। सभी का रो-रो कर बुरा हाल था।

# जौनपुर में दर्दनाक हादसा: करंट की चपेट में आए पोते को बचाने पहुंचे दादा, चपेट में आकर दोनों की हुई मौत

जौनपुर जिले में रविवार को दर्दनाक हादसा हुआ। करंट की चपेट में आए पोते को बचाने पहुंचे दादा



भी शिकार हो गए। दोनों की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। जौनपुर जिले के मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के राजापुर नंबर दो गांव में रविवार की सुबह पंपिंग सेट के कमरे में उतरे करंट की चपेट में आकर दादा पोता की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी शेषनारायण दुबे उर्फ गंगा प्रसाद दुबे ( 65 ) ने घर से 500 मीटर दूर अपना निजी नलकूप लगा रखा है। रविवार को वह अपने नलकूप के पास खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनका पोता मनीष दुबे ( 15 ) वहां पहुंचा और पंपिंग सेट के कमरे में कुछ सामान रखने के लिए गया। वहां कमरे के अंदर साफ्टीन में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आ गया। कुछ देर बीत जाने के बाद जब वह वापस नहीं लौटा तो दादा गंगा प्रसाद भी उसे देखने के लिए कमरे के अंदर गए। वहां मनीष साफ्टीन के ऊपर गिरा हुआ था। जैसे ही उन्होंने उसे उठाने का प्रयास किया, वह भी करंट की चपेट में आ गए। वहां आसपास खेत में काम कर रहे लोगों ने देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर वहां ग्रामीण पहुंचे और बिजली विभाग को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बाधित कराई गई। इसके बाद दोनों को ग्राम प्रधान अरुण कुमार दुबे अपने वाहन से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मडियाहू पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही परिवार में दोनों की मौत की सूचना मिली पूरे कोहराम मच गया। मनीष की माता रागिनी का रो-रो कर बुरा हाल है। दादी सावित्री अपने पति व पोते को देखकर बेसुध हो जा रहीं। मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

# धरती कांपी... 20 से अधिक घर क्षतिग्रस्त, तब लड्डू गोपाल को बचाने के लिए जान पर खेल गई बेटी

मथुरा में टंकी जब धराशायी हुई तो हर कोई अपनी जान बचाने के लिए दौड़ रहा था। ऐसे में एक लड़की ने अपनी जान की परवाह नहीं की और आराध्य लड्डू गोपाल को खोजने के लिए जान दांव पर लगा दी। मथुरा के कृष्ण विहार कॉलोनी में पानी की टंकी गिरने से हुए हादसे में जब लोग अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे थे। एक बेटी मिली ने अपने आराध्य लड्डू गोपाल को खोजने के लिए जान दांव पर लगा दी। आखिर में बेटी ने पानी में डूबे लड्डू गोपाल को खोज निकाला। इसके बाद ही वह मौत के मुंह से बाहर निकली। इससे पहले उसने अपने दादा को बचाया। अपने आराध्य के लिए खुद की जान दांव पर लगाने वाली इस बेटी की बहादुरी की पूरी



गौरीशंकर अग्रवाल को मौत के मुंह से बाहर निकाला। इसके की बहादुर बेटी मिली अग्रवाल घर के दरवाजे पर बैठी हुई साथ घर के अंदर बह गई। पूरा घर पानी से भर चुका था। में मिली ने पहले खुद को संभाला। इसके बाद खोजते हुए को सुरक्षित करने के बाद मिली को अपने आराध्य लड्डू गोपाल निकल चुके थे। वो लड्डू गोपाल को खोजने के लिए घर में मिला तो उसकी उम्मीद बढ़ गई। थोड़ी देर बाद उसे लड्डू गोपाल निकली। मिली की बहादुरी की चर्चा पूरी कॉलोनी में हो रही हादसे के जख्म दिन बीतने के साथ उभर रहे हैं। कृष्ण विहार हो गया था। आज जब वो वापस लौटे हैं तो घर में रखी करीब

कॉलोनी में चर्चा हो रही है। बहादुर बेटी ने घर में पानी भरने के बाद पहले बाबा बाद आराध्य लड्डू गोपाल को। जिस वक्त ये हादसा हुआ राजकुमार अग्रवाल थी। तभी पानी की टंकी गिरी। अचानक इतना पानी आया कि मिली पानी के मिली के बुजुर्ग दादा पानी में डूब चुके थे। उनके ऊपर सामान गिर पड़ा था। ऐसे बुजुर्ग बाबा के ऊपर गिरा सामान हटाया। उन्हें पानी से बाहर निकाला। बाबा की याद आई। मिली ने बताया कि तब तक परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर अकेली रह गई थी। काफी देर मशक्कत करने के बाद उसे लड्डू गोपाल का झूला भी मिल गए। लड्डू गोपाल को सुरक्षित करने के बाद बेटी मौत के मुंह से बाहर है। पानी में बह गई बेटी की शादी के लिए रखी जमा पूंजी- पानी की टंकी कॉलोनी निवासी सुनयना देवी ने बताया कि हादसे में उनका पूरा परिवार घायल सात लाख की नकदी और सभी आभूषण गायब हो गए। सुनयना ने बताया कि उन्होंने बेटी की शादी के लिए रकम जमा कर रखी थी। अब रुपये न मिलने से बेटी की शादी का मामला भी फंस गया है। घर के अंदर रखा गृहस्थी का सारा सामान भी खराब हो गया है। हादसे में सुनयना देवी को काफी नुकसान हुआ है। हादसे के बाद परिवार के सभी सदस्य बेहद परेशान हैं।

# जिस जगह लगा लाशों का अंबार, टीम ने देखा वो गड्ढा... भयावह मंजर देख देवप्रकाश ने किया था ये काम

हाथरस के सिकंदराराऊ के गांव फुरलई मुगलगढ़ी में हुए हादसे की जांच करने आए न्यायिक आयोग के सदस्यों को अधिकारियों ने सड़क किनारे वह गड्ढा और नाली दिखाई, जिसमें गिरकर सर्वाधिक मौतें हुईं। सीओ डॉ. आनंद यादव और कोतवाली निरीक्षक आशीष कुमार सिंह ने टीम को बताया कि पानी के छिड़काव के कारण सड़क से नीचे फुटपाथ पर कीचड़ हो गया था। भीड़ बचने के लिए खाली खेत की तरफ भागी तो फिसलन के कारण



से निकलकर दलदली खेत में पहुंच गए। जो नाली आगे बढ़ते गए। खेत में दलदल होने के कारण गईं। ज्यादातर मौतें यहीं पर हुईं। सड़क पर बेहोश की गाड़ी से पानी डाला गया, जिसके बाद काफी की कुंडली खंगाल रही पुलिस- सिकंदराराऊ के के बाद पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप सेवादारों की सरगर्मी से तलाश कर रही हैं। पुलिस लगी है, जिनके नाम आयोजन स्थल पर लगे होर्डिंग पुलिस इन तक पहुंच सकती है।इस मामले में के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। होर्डिंग को कब्जे में ले लिया है। इन पर लिखे उसके आधार पर इन लोगों के बारे में छानबीन की पर दर्ज नामों के आधार पर मुख्य आयोजक सहित

श्रद्धालु नाली में गिरते गए। कुछ नाली में गिरे, लोग उन्हें पांवों से रौंदते हुए महिलाएं वहां चल नहीं सकीं और गिर हुई महिलाओं के ऊपर फायर ब्रिगेड महिलाएं होश में आ गईं। आयोजकों गांव फुलरई मुगलगढ़ी में हुए हादसे ( एसओजी ) की टीमें आयोजकों और उन लोगों की कुंडली भी खंगालने में और बैनरों पर लिखे थे। जल्द ही सेवादारों व आयोजकों की गिरफ्तारी टीमों ने आयोजन के पोस्टरों और नामों की सूची तैयार की गई है और जा रही है। पुलिस ने अब तक पोस्टर तीन को गिरफ्तार कर लिया है। अब बाकी आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।फोन स्विच ऑफ कर साले के पास पहुंच गया था देवप्रकाश- सिकंदराराऊ के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में सत्संग के बाद हुए हादसे के बाद मुख्य आयोजक देवप्रकाश ने भयावह मंजर देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवप्रकाश ने आनन-फानन अपना फोन को बंद कर लिया और मौके से भाग खड़ा हुआ।देव प्रकाश यहां से निजी वाहन से एटा और वहां से दिल्ली पहुंच गया। दिल्ली में देवप्रकाश का साला एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। घटना के बाद से यह अपने साले के यहां रह रहा था।सिकंदराराऊ हादसे के मुख्य आरोपी एक लाख के इनामी देवप्रकाश मधुकर की शुक्रवार देर शाम दिल्ली से गिरफ्तारी के बाद उसके दो और साथी शनिवार को गिरफ्तार कर लिए गए। जिनमें से फिलहाल देवप्रकाश सहित दो को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेजा।मुख्य आरोपी से हुई पूछताछ में उसके राजनीतिक दलों से संपर्क और फंड जुटाने की बात सामने आई है। जिसके चलते पुलिस टीमें अन्य एजेंसियों की मदद से फंडिंग आदि को लेकर भी जांच कर रही हैं।इस संबंध में शनिवार को पुलिस लाइन में प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक हाथरस निपुण अग्रवाल ने बताया कि दो जुलाई को गांव फुलरई मुगलगढ़ी में हुए हादसे में 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस संबंध में दर्ज मुकदमे में मुख्य आरोपी मुख्य आयोजक देवप्रकाश मधुकर फरार था। जिस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। उसकी तलाश में जुटी रेंज स्तर पर गठित एसओजी टीम ने शुक्रवार देर शाम दिल्ली के नजफगढ़ इलाके से गिरफ्तार किया था।सूचना के आधार पर शनिवार सुबह उसके साथी रामप्रकाश शाक्य को कैलोरा चौराहा से और संजू यादव को गोपालपुर कचौरा से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले छह आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। इस तरह घटना में मुख्य आरोपी सहित कुल नौ आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। गिरफ्तारी प्रक्रिया के बाद दोपहर में पुलिस ने देवप्रकाश व संजू यादव को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### खतरे के निशान के करीब पहुंची राप्ती, 11 लोगों को बाढ़ से बचाया गया, बनाया गया कंट्रोल रूम

बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है। राप्ती नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। राप्ती नदी खतरे के निशान से 10 सेमी.नीचे है। वर्तमान जल स्तर 104.500 मी0 है। खतरे का मानक निशान 104.620 मीटर है। बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है। राप्ती नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच



गई है। महाराजगंज ललिया सहित करीब दस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। पीएचसी महाराजगंज तराई सहित आधा दर्जन स्कूलों में पानी भर गया है। राप्ती नदी की बाढ़ में फंसे 11 लोगों को बचाया गया। परवल के खेत की रखवाली करने 11 लोग गए थे। छह घंटे की मेहनत के बाद उन्हें सुरक्षित निकाला गया, जिसमें पांच बच्चे और छह महिलाएं शामिल थी।राप्ती नदी खतरे के निशान से 10 सेमी.नीचे है। वर्तमान जल स्तर 104.500 मी0 है। खतरे का मानक निशान 104.620 मीटर है। तहसील तुलसीपुर के 16 ग्राम बाढ़ से आंशिक/सामान्य रूप से प्रभावित हुए हैं।एक टीम एसडीआरएफ दो मोटर बो्टस के साथ तैनात हैं। फ्लड पीएसी भी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग की 32 मेडिकल टीमें गठित की गई हैं। 32 बाढ़ चौकियां एवं 19 बाढ़ शरणालय बनाये गये हैं। सभी बाढ़ चौकियां एवं बाढ़ शरणायल सक्रिय हैं। राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं पशुपालन विभाग के कार्मिक ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं।बनाए गए कंट्रोल रूम- बलरामपुर जनपद स्तरीय इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल कमाण्ड सेन्टर के नम्बर 9170277336, 8960010336, 05263-236250 संचालित है। इसके अलावा तहसील बलरामपुर का कन्ट्रोल रूम नम्बर 05263-234024, तहसील तुलसीपुर का कन्ट्रोल रूम नम्बर- 9400696224, तहसील उतरौला के कन्ट्रोल रूम नम्बर-7991441311, 954416061 व 05265252469 संचालित है।बाढ़ खण्ड बलरामपुर का हेल्प लाइन नम्बर 05263-232283 अथवा 7706881121 है।सीएमओ ऑफिस का कन्ट्रोल रूम न0- 7704995639 एवं 9838616121 है। इसके अलावा एम्बुलेन्स सेवा 108 कॉल पर सम्पर्क कर मदद ली जा सकती है।

### यमुना एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज पर बने गड्ढे में डूबे चार बच्चों की मौत, बचाने के लिए कूदे छह लोग भी डूबे

यमुना एक्सप्रेस वे गोल चक्कर के मैदान में भरे पानी में मस्ती कर रहे चार बच्चे डूब गए। इन बच्चों को बचाने के लिए महिला सहित 6 अन्य लोग कूदे वो भी डूबने लगे। चार बच्चों की मौत हो गई। अन्य को निकाल लिया गया है। आगरा में खंदौली



यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर बने गड्ढे में नहाने गए तीन बच्चों को डूबते देख महिला सहित 6 लोग बचाने के लिए पानी मे कूद गए। बच्चों को बचाने के प्रयास में सभी डूबने लगे। घटना की जानकारी पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस ने सभी को बाहर निकाला, जिनमें चार बच्चों की मौत हो गई। वहीं अन्य लोगों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक भी मौके पर पहुंच गए।खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर कानपुर व आरैया के रहने वाले सात मजदूर परिवार विगत दिनों से यहां तम्बू लगाकर रह रहे हैं। आसपास के गावों में जाकर समान बचते थे। रविवार सुबह पास में ही बने पानी से भरे गड्ढे में तीन बच्चे हिना, खुशी व चांदनी नहाने के लिए कूद गए। कुछ ही देर बाद तीनों डूबने लगे। आवाज सुनकर परिवार की महिला नगीना पत्नी छिगा, अनुराधा, रागिनी, प्राची, सनी व रिया भी कूद गईं। सभी डूबने लगे, जिन्हें देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस व ग्रामीणों ने रस्सी डालकर सभी को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। जिनमें हिना, खुशी, चांदनी और रिया की मौत हो गई। अन्य सभी को उपचार के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना पर एसीपी और विधायक भी पहुंच गए।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# You would not have thought that drinking coffee can be so beneficial, big information revealed in research

You must also be fond of tea or coffee. But whether it is beneficial or harmful has been a big question for a long time. Studies done in this regard have shown that if they are consumed in limited quantities, then the body can have many benefits. Especially drinking coffee has




been found to be very beneficial for health. A report by Johns Hopkins states that if you drink two-three cups of coffee regularly, then it not only reduces the risk of liver diseases, but it has also been found to protect against many types of brain-related diseases. Coffee contains many types of effective antioxidants that can also prevent the risk of serious chronic diseases. Coffee and its benefits - Coffee is generally known as a stimulant, coffee helps to increase your energy and feel refreshed. However, its benefits are not limited to this. Researchers said that if it is consumed regularly, it can be beneficial in reducing the risk of type-2 diabetes and depression, controlling weight, preventing liver diseases and reducing the risk of some types of cancer. Its regular consumption has also been found to be beneficial in preventing serious liver diseases. Beneficial for stomach and liver - Studies show that coffee can help in making the liver healthy and preventing related diseases. A study found that drinking two to three cups of coffee per day reduces the risk of both liver scars and liver cancer in people with liver disease. Apart from this, the nutrients and antioxidants present in coffee are also beneficial in reducing the risk of untimely death in chronic liver patients. Drinking coffee is very beneficial for keeping the stomach healthy and preventing related diseases. Beneficial for diabetes patients - Some research suggests that regular consumption of coffee is also helpful in reducing the risk of type-2 diabetes in you. In a review of 30 studies, researchers found that drinking 2 cups of coffee per day can reduce the risk of this type of diabetes by 6%. The antioxidants present in coffee have also been found to be beneficial in maintaining insulin sensitivity. However, it is worth noting that consuming it in excess can also be harmful to the body in many ways. Risk of Alzheimer's disease may be reduced - Studies have shown that women who drink coffee are less likely to die due to coronary heart disease, stroke, diabetes and kidney diseases. Coffee may also help protect against many other neurodegenerative disorders, including Alzheimer's disease and Parkinson's disease. A review of 13 studies found that people who regularly consumed caffeine in moderate amounts had a significantly lower risk of developing Parkinson's disease.

# Isha Ambani: These four looks of Isha Ambani gave tough competition to Bollywood actresses

For many days, the wedding of Anant Ambani, the younger son of the country's most famous







businessman Mukesh Ambani, has been trending on social media. Actually, Anant Ambani and Radhika Merchant are to get married on July 12, due to which the wedding rituals have started with great pomp from the beginning of July. So far, Mameru and Sangeet programs have been organized, in which many Bollywood stars also attended. During this, the beautiful style of every woman of the Ambani family was seen. Especially if we talk about Anant Ambani's elder sister Isha Ambani, then she was seen giving competition to Bollywood beauties with her beauty in every program. The beautiful style of his elder sister Isha Ambani is being seen in Anant Ambani's wedding rituals. If you have not seen her looks yet, then let us show you some of her looks. Bandhani pre-draped saree- Isha Ambani wore a Bandhani print pre-draped saree in Anant and Radhika's Mameru ceremony. With this saree, she also wore a maang tika, choker around her neck and heavy earrings in her ears. Along with this, the golden bangles in her hands looked even more lovely. Skirt-Top- This skirt and crop top have been made even more beautiful by giving it a western touch. With this silver colored skirt, she wore a green and silver top. With this, open hair made her look even more lovely. With this too, Isha wore green colored jewelry. Lehenga- In an event before the wedding, Isha Ambani wore an ombre shade orange color lehenga. With this beautiful lehenga, she added to her beauty by styling open hair style and stylish green color jewelry. This lehenga has been taken from the collection of Falguni Shane Peacock. Blue Pre-Draped Saree- Isha Ambani looks very beautiful in this blue pre-draped saree. She has worn a silver blouse with this blue saree, due to which her look looks quite different. With this saree, Isha has chosen a modern stone diamond minimal look for jewellery. Brown shade lipstick with heavy eye makeup was increasing her beauty manifold.

# If you want to enjoy trekking in monsoon, then visit these places, the fun will double

You can also go for trekking in monsoon. There are some such tracks, where roaming in this season will double the fun. Monsoon has arrived. Heavy rains occur in many parts of the

country in this season. Due to this, a bit risky. Especially going to hill dangerous. In the rainy season, the cloudburst is common at hill stations. where the real fun of roaming in the feel that there can be places to roam to do adventure activities like water jumping etc. You can also go for such tracks, where roaming in this Flowers, Uttarakhand - The best in Chamoli district of Uttarakhand all varieties of flowers can be seen UNESCO World Heritage. The from June 1 and tourists can visit it more than 500 species of flowers. wonderful places to visit in Pune, throughout the year. The views of monsoon. Enthusiastic people can Pune. It takes about 1 hour to trek. The way to reach the fort is Pradesh- You can also go to Hampta monsoon. Situated at an altitude of



roaming during monsoon is considered stations in the rainy season becomes problem of landslides, floods or At the same time, there are some places rainy season is there. However, people in the monsoon but it may be difficult sports and trekking and bungee trekking in monsoon. There are some season will double the fun. Valley of month to visit Valley of Flowers located is July to September. During this time, here. It has been included in the Valley of Flowers opens for tourists till October 30. You will be able to see Sinhagad Trek, Pune- There are many Maharashtra, where you can go Pune become more romantic during go for trekking in Sinhagad Fort of complete the approximately 3 km long picturesque. Hampta Pass, Himachal Pass of Himachal Pradesh during 14100 feet above sea level, this place

looks very pleasant during the rainy season. While trekking, you can see mountains, rivers and waterfalls. However, it takes 5 to 6 days to complete this trek starting from Kullu and trekking here is not easy. Although people think that there are places to visit in monsoon, but it may be difficult to do adventure activities like water sports, trekking and bungee jumping etc. You can also go for trekking in monsoon. There are some such tracks, where traveling in this season will double the fun.

# John Cena announces retirement from WWE, made acting debut with 'The Marine'

Wrestler and actor John Cena has announced his retirement from WWE. John has been associated with WWE since 2001 and has won the title of World Champion 16 times.



Announcing this, John Cena said that he is retiring from WWE after WrestleMania 2025. People have been watching John Cena wrestling in the ring for more than 23 years and when he enters the ring for the last time next year, it is going to be an emotional moment for his fans. It is known that John Cena has been seen part-time in WWE since 2018. He has often been seen with a towel, on which was written 'Never give up', but this time it was written on his towel - 'Now it is the last time'. John Cena announced his retirement during 'Money in the Bank', which is a wrestling competition of WWE. This competition is being organized every year since 2010. John Cena's presence on this occasion surprised everyone. Everyone wanted to know why and what he had come to do. John told the people that tonight, I officially announce my retirement from WWE. John Cena said that he is planning to take part in Monday Night Raw. Let us tell you that people will be able to watch it on Netflix in January 2025. John said that he has never been a part of Raw on Netflix and so this is going to be the first time. John Cena has acted in many films. His major films include 'Freelance', 'The Marine', 'Hidden Strike', 'The Wall', 'Blockers', 'The Suicide Squad', 'Daddy's Home', 'Barbie', 'Jackpot', 'Playing with Fire' and 'The Reunion'. He made his debut with The Marine, which was released in the year 2006.

# Gurucharan reached Mumbai for the first time after going missing, said this on the pending payment of Tarak Mehta show

Tarak Mehta Ka Ooltah Chashmah's 'Roshan Sodhi' recently returned to Mumbai. He was seen at the airport. During this, he informed that the production team of the show has paid his dues. Actor Gurucharan Singh, who played the role of Roshan Sodhi in the serial Tarak Mehta Ka Ooltah Chashmah, suddenly went missing earlier this year. However, he returned



home after about a month. At the same time, now the actor returned to Mumbai on Saturday. Dues paid- He was seen with his pet at the Mumbai airport. He was seen in a floral shirt and black pants and had a bag in his hand. A video related to this is going viral on social media. In this video, when the paparazzi is seen asking him whether the production team of Tarak Mehta has paid his dues? To this, Gurucharan said, "Yes, almost everyone has paid. I don't know some of them, I will have to ask them.' Will Gurucharan be seen in the Tarak Mehta show? - When asked if he gets calls, he said that his phone is switched off. He said that once he turns on his phone, he will talk to people. He was also asked if he would return to the show. Gurucharan replied, "Only God knows. I don't know anything. As soon as I find out, I will tell you." He suddenly went missing - On April 22 this year, Gurucharan went missing in Delhi and returned to his home after about a month. Giving an update, DCP South West Delhi, Rohit Meena had said that he was facing some personal and professional issues, due to which he went on a spiritual journey.

# Father Chiranjeevi and son Ram Charan's film will be released within a month, an amazing coincidence!

Work on Ram Charan's film 'Game Changer' has been going on for three years. During this time, shooting started many times and stopped many times. Recently, news came that Ram Charan has finished shooting the film. This gave his fans a sigh of relief, because now they cannot wait. On the other hand, his father's film is also going to be released and an interesting thing is coming out about both the films. Ram Charan's father Chiranjeevi is busy shooting for his upcoming film 'Vishwambhra'. Recently news came about this that soon a video of its making and Chiranjeevi's look will be presented to the audience. 'Vishwambhra' will be released in theaters on January 10, 2025 next year. Ram Charan finished shooting for 'Game Changer', so now questions are being asked about its release date. It is being said in media reports that it is being planned to release it in the month of December this year, that is, it is an interesting coincidence to watch the film of Ram Charan and Chiranjeevi within the same month. This is no less than a gift for the fans of both father and son. Talking about 'Game Changer', Kiara Advani is also playing the lead role along with Ram Charan. It is directed by S Shankar. It is a political drama film. It is produced by Dil Raju. This is the 50th film of his production. Bollywood actor Kunal Kapoor will also be seen in Chiranjeevi's 'Vishwambhara'. It is being said that Chiranjeevi and Kunal will be face to face in this film. Apart from them, Trisha will also be seen acting. It is being directed by Vasishta Malladi and the film is being produced by UV Creations. MM Keeravani's music will be heard in it.

